एनसीसी(NCC) 36 झारखंड बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद, (6/36 coy)

कैंप- ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप,पतरातु, झारखंड

दिनांक 1 दिसंबर 2023 से 8 दिसंबर 2023 तक

नेशनल कैडेट कोर (NCC) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पतरातु में आयोजित एनसीसी ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप 1 दिसंबर 2023 से 8 दिसंबर 2023 तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कैंप में देश भर से विभिन्न एनसीसी इकाइयों के कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमें अंडर ऑफिसर अमन कुमार साव ,पिता- मिथिलेश प्रसाद, रजिस्ट्रेशन नंबर- 306968/21, कैडेट महेश कुमार सिंह,पिता- कन्हैया कुमार सिंह, रजिस्ट्रेशन नंबर 306838/22 और कैडेट सनी कुमार सोनी,पिता- सुरेश प्रसाद सोनी, रजिस्ट्रेशन नंबर- 36868/22 शामिल थे।इस कैंप का उद्देश्य कैडेट्स को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और साहसिक गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता का अनुभव कराना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ट्रैकिंग गतिविधियों, वर्कशॉप और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने शारीरिक और मानसिक चुनौतीपूर्ण कार्यों का सामना किया।कैंप के समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र दिए गए। यह आयोजन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक रहा और एनसीसी के मूल सिद्धांतों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्रबंधन ने सभी कैडेटस को उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक साधुवाद दिया और ऐसे ही निरंतर आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय कुमार सिंह ने कैडेटस की खूब सराहना की।